www.unibrow.in

तीन तितलियाँ

लेखक - वैन ऐंटवर्प



ये कहानी है तीन तितलियों की। एक सुन्दर देश में एक सुन्दर बागीचा होता था। और उस बागीचे में तीन सुन्दर तितलियाँ रहती थीं। एक टमाटर की तरह लाल, दूसरी नींबू की तरह पीली और तीसरी दूध की तरह सफेद। रोज वह तीनों, बागीचे में खुशी से नाचते, गाते और खेलते थें।

एक दिन, उनके बागीचे में खेलते वक्त बारिश होने लगी। वे झट से उड़ कर वापस घर की ओर गये, पर घर बाहर से बंद था। बारिश बढ़ने लगी और वह ओर भी भीगने लगे।

वे उड़कर लाल फूल के पास चले गये
और पुछा, "लाल फूल, बारिश बहुत तेज़ हो
रही है। क्या हम आपकी लाल पंखुड़ियों के
नीचे छिप जाएँ? बारिश बंद होते ही
हम चलें जाएंगें।

लाल फूल ने तीनों तितलियों
को देखा और बोली, “जिसका पंख
लाल रंग का हो वह आ सकता है
मेरे पंखुड़ियों के नीचे।”
तितलियों ने मुस्कुराते हुए कहा
"हम बहुत अच्छे दोस्त हैं और
हम एक साथ ही रहेंगे।

फिर वे उड़कर पीले फूल के
पास गये और पुछा
"पिले फूल, बारिश बहुत हो
रही है। क्या हम आपके
सुन्दर पिले पंखुड़ियों के नीचे
छिप जाएँ? बारिश बंद
होते ही हम चलें जाएंगें।

पीले फूल ने तीनों तितलियों
को देखा और बोली “जिसका
पंख पीले रंग का हो वह आ
सकता है मेरे पंखुड़ियों के नीचे।”
तितलियों ने मुस्कुराते हुए कहा
"हम बहुत अच्छे दोस्त हैं और
हम एक साथ ही रहेंगे।



फिर वह उड़कर सफेद फूल के पास गये और पुछा "सफेद फूल, बारिश बहुत हो रही है। क्या हम आपके सुन्दर सफेद पंखुड़ियों के के नीचे छिप जाएँ? बारिश बंद होते ही हम चलें जाएंगें।

सफेद फूल ने तीनों तितलियों को देखा और बोली “जिसका पंख सफेद रंग का हो वह आ सकता है मेरे पंखुड़ियों के नीचे।” तितलियों ने मुस्कुराते हुए कहा "हम बहुत अच्छे दोस्त हैं और हम एक साथ ही रहेंगे।

उन्हें बारिश से बचने के लिए जगह तो मिली, पर एक साथ नहीं | उन्हें एक साथ रहना ज्यादा पसंद था। इसलिए तीनों तितलियाँ एक साथ ही बारिश में उड़ती रहीं। यह सब बादलों के बीच से कोई देख रहा था। चमकीला सूरज! सूरज को तीनों तितलियों की गहरी दोस्ती देखकर बहुत खुशी हुई।





सूरज इन प्यारी तितलियों का कष्ट और न देख सका।
वह बादलों के बीचे से निकला और खूब चमकने लगा।
बारिश रुक गयी और तितलियों ने सूरज की गर्मी से अपने
पंख सुखाये। तितलियों ने सूरज को धन्यवाद बोला और
फिर से बागीचे में खेलने चली गयीं।